तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 4 मई 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



12 कलेक्टर ने बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में...





12 डाक जीवन बीमा बना सहारा, पुलिस कर्मी के ...




## खबर संक्षेप

### सोढ़ी अर्पण का बना आधार कार्ड

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर इसका लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।



सुशासन तिहार के माध्यम से समाधान खुद चलकर दरवाजे पर पहुंच रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार में आवेदन करने पर कोंटा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मनीकोण्टा निवासी सोड़ी अर्पण का आधार कार्ड एनरोलमेंट किया गया। शासन के द्वारा आधार कार्ड आने पर हितग्राही को प्रदान किया जाएगा। उनके पिता ने छत्तीसगढ़ सरकार की इस सुशासन तिहार कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### 25 मार्च की नक्सली मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच होगी

**दंतेवाड़ा।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा अंतर्गत थाना गीदम क्षेत्रांतर्गत 25 मार्च को ग्राम ईकेली, गिरसापारा, नेलगुड़ा बोड़गा के मध्य जंगल पहाड़ के पास पुलिस-माओवादियों की बीच मुठभेड़ में 3 पुरूष माओवादियों की मारे जाने के फलस्वरूप दण्डाधिकारी जांच हेतु उक्त न्यायालय को पत्र प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में थाना गीदम के अपराध क्र० 28/2025 धारा 191(2), 191(3), 190, 109, बी.एन.एस., 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 वि.प.अधि. एवं 10, 13 (1), 16, 20, 38(2), 39(2) विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 के तहत कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। इस संबंध में सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि उक्त घटना के संबंध में दिनांक 21 मई तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर मौखिक, गोपनीय, लिखित रूप से साक्ष्य दे सकते हैं।

# भोपालपटनम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विरोध, सेक्टर पर्यवेक्षिका को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के एकीकृत बाल विकास परियोजना के अंतर्गत ग्राम गोल्लागुड़ा मांझीपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता नरेंद्रा दुर्गम के साथ भोपालपटनम सेक्टर पर्यवेक्षिका ने अभद्र व्यवहार किया। यह आरोप लगाते हुए पूरे क्षेत्र की लगभग 300 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ ने भोपालपटनम एकीकृत बालविकास परियोजना कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम से परियोजना अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जब से पर्यवेक्षिका ने भोपालपटनम सेक्टर प्रभारी के रूप में प्रभार ली हैं, तब से कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के साथ दुर्व्यवहार करती हैं। नरेंद्रा दुर्गम गोलागुड़ा आंगनबाड़ी केंद्र मांझी पारा जिनका माह अप्रैल का मानदेय बिना किसी सूचना दिए 7 दिवस का काटा गया। जो नियमों के विरुद्ध है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि पर्यवेक्षिका के द्वारा कार्यकर्ताओं से सुपोषण की राशि प्रति माह के हिसाब से मांगी जाती है। और साथ में कार्यकर्ताओं को टीए (यात्रा भत्ता) की राशि भी 300 रूपए दी जा रही है। जो कि 1300 या 1400 सौ रुपए बनता है। उस में से भी अपना कमीशन मांग करती हैं। इस संबंध में भी नरेंद्रा दुर्गम को दिसंबर माह में उक्त राशि के लिए बार बार फोन कर राशि की मांग किया गया। पर्यवेक्षिका के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से तुम सेक्टर ⏭ शेष पेज 12 पर

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अभद्र व्यवहार करती है पर्यवेक्षिका



### हमेशा से दुर्व्यवहार करती आ रही है पर्यवेक्षिका: कार्यकर्ता

*आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनके द्वारा मांगी गई राशि नहीं देने के कारण हम पर प्रत्यक्ष रूप से दुर्व्यवहार करते आ रही हैं। इस गंभीर समस्या को मौखिक रूप से परियोजना अधिकारी को सूचित किया गया है। उसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई उनके द्वारा नहीं की गई है। पर्यवेक्षिका आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को हीन भावना से देखती हैं। जिससे हम मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भोपालपटनम सेक्टर पर्यवेक्षिका को तत्काल हटाने के लिए जिला कलेक्टर के नाम का शिकायत पत्र परियोजना अधिकारी कार्यालय में सौंपा है।*

## निर्णय : होर्डिंग से होगी निगम को आय, दर निर्धारित

# नगर निगम ने ग्राउंड होर्डिंग्स के लिए तीन जोन में टेंडर किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन एवं आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा के निर्देश एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व मे नगर पालिका निगम द्वारा विज्ञापन बोर्ड ग्राउंड होडिंर्ग के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। टेंडर जारी करने का उद्देश्य होडिंर्ग लगाने के लिए इच्छुक कंपनियों को आमंत्रित करना है। टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से नगर निगम की शर्तो पर होडिंर्ग के अधिकार मिल सकेंगे। टेंडर मे होडिंर्ग की जगह अवधि शुल्क आदि से संबंधित जानकारी नगर निगम के वेबसाइट से दी जाएगी।

संग्राम राणा ने बताया कि विज्ञापन बोर्ड को 3 जोन में विभाजित कर नवीन सिरे से निर्धारित दर नियम शर्तों की अनुशंसा एवं बंद लिफाफा पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाएगी। शहर में 60 विज्ञापन बोर्ड को नगर पालिका निगम क्षेत्र अंतर्गत विज्ञापन बोर्ड लगाने वाले क्षेत्रो को तीन विज्ञापन जोन में बांटा गया है। विज्ञापन बोर्ड लगाने हेतु स्थल निविदा के माध्यम से अधिकतम दर दाता को सक्षम स्वीकृति उपरांत अनुमति दिया जाएगा। जोन क्रमांक 1 जिस स्थान में विज्ञापन होल्डिंग्स लगाने की अनुमति दिया जाना है उसमे आमागुड़ा चौक से जयपुर रोड नगर निगम के सीमा तक 20 बाई 10 के 6 होडिंर्ग, फिरंता मार्केट के पास से शहीद पार्क होते हुए झंकार टॉकीज तक 20 बाई 10 के 6 होडिंर्ग एवं वायरलेस ऑफिस लालबाग होते हुए आसना तिराहा चौक तक 20 बाई 10 के 10 होडिंर्ग लगाने की अनुमति दी गई है। निविदा हेतु सरकारी न्यूनतम दर 6 लाख 60 हजार रुपए रखी गई है। जोन क्रमांक 2 जिस स्थान में विज्ञापन होडिंग लगाने की अनुमति दिया जाना है उसमे गुरु गोविंद सिंह चौक से परपा नाका तक 20 बाई 10 के 6 होडिंर्ग, गुरु गोविंद सिंह चौक से कमिश्नर ऑफिस मोड तक 20 बाई 10 के चार होडिंर्ग एवं भाजपा कार्यालय के सामने से बोधघाट चौक तक 20 बाय 10 के 6 होडिंर्ग लगाने की अनुमति रहेगी। निविदा हेतु सरकारी न्यूनतम ⏭ शेष पेज 12 पर



- टेंडर निकाल कर कंपनियों को दी जाएगी विज्ञापन लगाने की जगह
- सामाजिक और राजनीतिक फ्लेक्स के लिए भी लेने होंगे परमिशन

### ग्राउंड होर्डिंग से नहीं मिल रहा था राजस्व

महापौर एवं राजस्व सभापति ने कहा विगत 7 सालों से ग्राउंड होडिंर्ग से कोई भी राजस्व नगर निगम को प्राप्त नहीं हो रहा था, जिस पर ग्राउंड होडिंर्ग प्रतिपोल की नीलामी का निर्णय लिया गया है। सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, खेलकूद, जन्मदिन के होडिंर्ग लगाने से पहले दुकानदार द्वारा नगर निगम से परमिशन लेना अनिवार्य है। प्रत्येक फ्लेक्स में प्रशासक मुद्रक का नाम अंकित होना भी जरूरी है नहीं तो फ्लेक्स अवैध माना जाएगा और उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय________________________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम________________________________
पिता/पति________________________ जन्म तिथि____________
वर्ग अनुज जाति__________अनु जाति__________ अन्य पि. वर्ग__________
सामान्य____________पत्र व्यवहार का पता________________________
________________________________ पिन कोड__________
मो. नं.________________________बाट्सअप नं.________________
पालक का मो. न____________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________________
में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.____________
हस्ताक्षकर____________________ पालक का हस्ताक्षर________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


## बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने किया धरना प्रदर्शन

# फुटकर व्यापारियों के लिए स्थायी स्थान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हाता ग्राउंड में फुटकर व्यापारियों को व्यापार हेतु स्थाई जगह आवंटन एवं फुटकर ठेला व्यापारियों को एक स्थायी जगह चिन्हित कर व्यापार करने की मांग को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में कलेक्टर, निगम आयुक्त से मुलाकात कर इस समस्या को प्रमुखता से रखा गया। जारी विज्ञप्ति में नवनीत चांद ने बताया कि फुटकर व्यापारी 20 से 25 वर्षों से सड़क किनारे ठेला लगाकर व्यवसाय कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं परंतु विगत कुछ माह पहले नगर निगम के अस्थाई बाजार समिति के अधिकारियों द्वारा विशेष योजना स्थाईकरण के नाम पर ⏭ शेष पेज 12 पर

- 20 वर्षों से जीविकोपार्जन कर रहे व्यवसायियों का जगह खाली करने से जीवन अधर में
- कलेक्टर एवं निगम आयुक्त से मुलाकात कर सौंपा गया ज्ञापन



## धनपूंजी बेरियर पर 916 वाहनों पर कार्रवाई 23 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के धनपूंजी स्थित परिवहन विभाग के बेरियर में जाने एवं आने वाले 916 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले, जिन पर 23 लाख 26 हजार 133 रूपए का जुर्माना किया गया। वहीं दूसरे राज्यों की वाहनों के साथ-साथ अन्य वाहन छत्तीसगढ़ राज्य का बिना टैक्स दिए ही चल रही हैं।

जांच के दौरान दूसरे राज्य की वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है, उसके बाद भी वाहन चालक एवं मालिकों का ध्यान नहीं है। इससे सीमावर्ती राज्यों की 693 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते हुए मिले, जिन पर शिकंजा कसते हुए 14 लाख 98 हजार 800 रूपए की कार्रवाई की। साथ ही छत्तीसगढ़ की 199 वाहनों को 2 लाख 35 हजार 300 रूपए, यानकर टीपी एक लाख 85 हजार 620 रूपए, सात वाहन से बकाया टैक्स एक लाख 64 हजार 813 रूपए एवं 17 वाहनों पर ई-चालान से 2 लाख 41 हजार 600 रूपए वसूल किया गया। बताया जा रहा है कि बेरियर के अधिकारी एवं कर्मचारी 24 घंटे तैनात होकर वाहनों की जांच कर रहे हैं।

### अग्निशमन यंत्र की हो रही जांच

उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से बेरियर में आना-जाना चल रही वाहनों की जांच के दौरान यात्री बसों की भी देखा जा रहा है। इसमें टीम को यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब मिलने पर जुर्माना की जा रही है।

### नियमों का पालन करें

धनपूंजी बेरियर के प्रभारी एवं निरीक्षक शेष ध्रुव ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। इसलिए प्रभारी ने चालकों एवं मालिकों को निर्देश दिया कि वे नियमों का पालन करें।




## खबर संक्षेप



### फरसगांव में हो रहा रामलीला का सुंदर मंचन

**फरसगांव।** फरसगांव नगर के गांधी चौक मंच में नवधा रामायण रामलीला महोत्सव समिति के द्वारा सात दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ गुरुवार को किया गया। जिसमें श्रीराम कथा वाचक धर्मप्रचारक मंडल, मैहर रीवा (म.प्र.) द्वारा अध्यात्म के विभूति पूरे विश्व के आराध्यदेव अखिल विश्व नायक मर्यादा पुरूषोतम श्री रामचन्द जी के जीवन लीला (रामलीला) का वाचन कर सुंदर प्रस्तुति किया जाएगा। पहले दिन श्रीराम जन्म, दूसरे दिन शुक्रवार को मुनि आगमन, तड़का वध का सुंदर कथा के माध्यम से प्रस्तुति कर दिलाया गया। तीसरे दिन शनिवार को श्री धनुष यज्ञ, रावण, वाणासुर संवाद, चौथे दिन श्री परशु राम, लक्ष्मण संवाद, श्री सीताराम विवाह, पांचवें दिन सुर्पनखा नकटी, सीताहरण, श्रीराम मिलाप, छठवां दिन श्री सबरी राम भेंट, श्रीराम सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सातवां दिन रावण वध, श्रीरामभिषेक चढोत्री का समापन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक दिखाया जाएगा। रामलीला को देखने पार्षद संगीता प्रवीण राव सहित गांधी चौकवासी सहित नगरवासी उपस्थित रहते हैं।

### कलेक्टर ने स्कूल व छात्रवास भवन का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम चिपावण्ड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया और शेष सभी बचे हुए कार्योंं को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि नये भवन में सीपेज की समस्या न हो। इसके बाद उन्होंने प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास का निरीक्षण कर स्वच्छता और सुव्यवस्थित रख–रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने किचन शेड के निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाशा भोई, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त सुश्री निकिता मरकाम, जनपद पंचायत कोण्डागांव की सीईओ आकांक्षा नायक सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कनेरा गांव में स्टापडेम से कृषि क्षेत्र में सुधार, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



कोण्डागांव। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़े कनेरा में वाटरशेड के तहत निर्मित स्टापडेम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गांव के किसानों से चर्चा कर स्टापडेम से मिल रही सिंचाई सुविधा एवं उनके द्वारा लगाए जा रहे फसलों की जानकारी ली। ग्राम वासियों ने बताया कि पहले सिंचाई के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन चेक डेम बनने के बाद खेतों में सिंचाई की समस्या का समाधान हुआ है। इससे लगभग 30 एकड़ रकबे में सिंचाई की सुविधा मिल रही है। कलेक्टर ने उन्हें परंपरागत फसलों के अलावा नारियल सहित उद्यानिकी के फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसके लिए शासकीय योजनाओं के माध्यम से ड्रीप एवं फेंसिंग की व्यवस्था गांववासियों को प्रदाय करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों को बीज उत्पादन का क्षेत्र बढ़ाने और जैविक खेती को अपनाने के लिए भी कहा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई और जनपद पंचायत कोण्डागांव की सीईओ आकांक्षा नायक, गांव के सरपंच और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## लो बर्थ वेट, स्टिल बर्थ और मातृ मृत्यु दर पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सु–ढ़ बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाए रखने पर जोर दिया और मरम्मत या नए भवन की आवश्यकता वाले केंद्रों की जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में जिले के स्वास्थ्य केंद्र भवनों की स्थिति, स्टॉफ के संख्या और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने शिशु मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की विस्तृत



### मृत्यु दर कम करने करें ठोस प्रयास

कलेक्टर ने लो बर्थ वेट, मातृ मृत्यु दर और स्टिल बर्थ पर चिंता व्यक्त करते हुए इन्हें न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएमओ को मातृ मृत्यु दर को कम करने की दिशा में गंभीरता से प्रयास करने को कहा तथा मितानिनों की बैठक लेकर हाई रिस्क मामलों की समय पर पहचान और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी स्वास्थ्य केंद्र निर्धारित समय के दौरान बंद न हो।

रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत शेष लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र जारी करने और एएनसी पंजीयन की स्थिति पर नियमित फॉलोअप के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने और सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यालय में रहने की सख्त हिदायत दी तथा मुख्यालय में उपस्थित नहीं पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

**ये रहे उपस्थित** – बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार, सिविल सर्जन डॉ. आर सी ठाकुर सहित सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित रहे।

## युवा शक्ति से होगा विकसित भारत का निर्माण : केदार कश्यप

# सीएम साय ने कौशल विकास को दी नई दिशा युवाओं के लिए 4 महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नीति-राज्य कार्यशाला श्रृंखला के राज्य समर्थन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ में युवाओं, महिलाओं और जनजातीय समुदायों के लिए कौशल विकास, रोजगार और आजीविका के अवसरों को विस्तार देने विषय पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ कर चार महत्वपूर्ण एमओयू किये।

- एमओयू से बस्तर सहित सम्पूर्ण प्रदेश को मिलेगा लाभ
- स्वालम्बन और स्वरोजगार से बेरोजगारी करेंगे दूर

जिसे लेकर छत्तीसगढ़ के कौशल विकास मंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने बयान जारी करते हुए कहा कि हमारी विष्णुदेव साय सरकार युवाओं को रोजगार करने की दृष्टी से हर संभव प्रयास कर रही है। मंत्री कश्यप ने कहा कि हमारा प्रदेश नव युवा राज्य है। यहाँ रोजगार और स्वालम्बन के अपार सम्भावनाएं हैं। ऐसे में हमारी साय सरकार ने यहाँ के युवाओं को कौशल युक्त करने जो पहल की है वह भविष्य के विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत के सपना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी।

### संसाधनों का होगा समुचित उपयोग, मिलेगा युवाओं को लाभ



वनमंत्री एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर खनिज सम्पदा के साथ वन और प्रकृतिक सम्पदा से परिपूर्ण क्षेत्र है। बस्तर के युवाओं ने आज शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अविश्वनीय सफलता प्राप्त किया वैसे ही अब कौशल विकास के माध्यम से स्वालंबन के दिशा में सफलता को प्राप्त करेंगे। हमारी सरकार इस एमओयू के माध्यम से युवाओं के कौशल को संवारने का काम करेगी। बस्तर क्षेत्र में हमारी आर्थिक व सामाजिक विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से योजना तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि वनवासी क्षेत्रों में वन-आधारित आजीविका कार्यक्रमों पर कार्य किया जायेगा इससे हमारे आदिवासी समुदाय के लोगों की आय में वृद्धि होगी। राज्य-स्तरीय योजनाओं में जनजातीय युवाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हें नई तकनीक और कौशल से जोड़ने की दिशा में भी हमारी सरकार अभियान पूर्वक कार्य करेगी।

### महत्वपूर्ण चार एमओयू

- प्रथम एमओयू: छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं नंदी फाउंडेशन
- उद्देश्य: आर्थिक रूप से वंचित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना एवं आवश्यक कौशल प्रदान कर उनके आजीविका के साधनों में सुधार लाना
- द्वितीय एमओयू : छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं महेंद्रा एंड महेंद्रा कंपनी
- उद्देश्य: दंतेवाड़ा कोंडागांव और बलरामपुर जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में ट्रैक्टर मैकेनिक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
- तृतीय एमओयू: उच्च शिक्षा विभाग एवं नैसकॉम
- उद्देश्य: कॉलेज में अध्यनरत विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक की जानकारी देकर उन्हें जॉब प्रोवाइडर के रूप में विकसित करना
- चतुर्थ एमओयू: उच्च शिक्षा विभाग एवं नंदी फाउंडेशन
- उद्देश्य: महाविद्यालय छात्रों को रोजगार पर एक शिक्षक प्रदान कर उन्हें कुशल और आत्मनिर्भर युवा बनाना

## डाक जीवन बीमा बना सहारा, पुलिस कर्मी के निधन पर नॉमिनी को 10.52 लाख की राशि का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारतीय डाक विभाग में 140 वर्षों से जारी डाक जीवन बीमा जो भारत की सबसे पुरानी जीवन बीमा का सुरक्षा देने वाली संस्था है। जिला पुलिस में पदस्थ बद्रीनारायण नाग ने वर्ष 2022 में कोंडागांव उप डाकघर से 10 लाख का डाक जीवन बीमा करवाया था। और लगभग 8 महीना पश्चात उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। नॉमिनी उनकी पत्नी लिलेश्वरी नाग निवासी पुलिस लाइन कोंडागांव ने घटना पश्चात बीमा दस्तावेज को लेकर डाकघर पहुच मृत्यु दावा प्रकरण प्रस्तुत किया जिस पर डाक प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बीमा व बोनस की राशि 10 लाख 52 हजार रुपये उनके बचत खाते में हस्तांतरित किये गए। इस पर नॉमिनी लिलेश्वरी नाग ने डाक विभाग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को डाक जीवन बीमा करने की अपील की है। उप संभागीय निरीक्षक डाक आरएस मिश्रा ने कहा डाक जीवन बीमा प्रत्येक नागरिक को कराना चाहिए डाक जीवन बीमा कर्मचारियों के साथ साथ स्नातक योग्यताधारी भी अब पीएलआई करवा सकते है अधिक जानकारी के लिए नजदीकी डाकघर में सम्पर्क कर सकते है।

- हर नागरिक को डाक जीवन बीमा कराना चाहिए – आरएस मिश्रा

## सड़क सुरक्षा जागरूकता बैठक में ग्रामीणों को दी नियमों और सावधानियों की जानकारी

**फरसगांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु शनिवार को फ़रसगांव विकासखंड के जुगानीकलार क्लस्टर अंतर्गत फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम एवं एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के संबंध में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की बैठक ली गई।

बैठक में जुगानीकलार, भूमका, हिर्री, मोहपाल, कुल्हाड़गांव, भण्डारसिवनी, चरकई और चांदागांव के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों, सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और हेलमेट के उपयोग सहित यातायात नियमों की विस्तृत



जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। इसके अलावा उस क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार निधि नेताम, जनपद पंचायत सीईओ रामेश्वर महापात्र सहित पुलिस विभाग के स्टाफ, ग्राम सचिव और कोटवार भी उपस्थित रहे।

## फरसगांव विखं में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आज फरसगांव विकासखंड के जुगानीकलार क्लस्टर अंतर्गत फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम एवं एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के संबंध में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की बैठक ली गई। बैठक में जुगानीकलार, भूमका, हिर्री, मोहपाल, कुल्हाड़गांव, भण्डारसिवनी, चरकई और चांदागांव के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों, सावधानीपूर्वक वाहन चलाने



और हेलमेट के उपयोग सहित यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। इसके अलावा उस क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट में सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार निधि एस. नेताम, जनपद पंचायत सीईओ रामेश्वर महापात्र सहित पुलिस विभाग के स्टाफ, ग्राम सचिव और कोटवार भी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक अधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कोण्डागांव न्यायालय परिसर में न्यायिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विक्रम प्रताप चंद्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीएससी पॉक्सो, श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सुश्री गायत्री साय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहीं। बैठक का मुख्य उद्देश्य दिनांक 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करना था। इस दौरान उपस्थित न्यायिक अधिकारियों ने अपने सुझाव एवं अनुभव



साझा किए तथा लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के उपायों पर चर्चा की। प्रधान न्यायाधीश श्रीमती चतुर्वेदी ने निर्देशित किया कि अधिकतम वादों का समाधान आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से किया जाए, जिससे न्यायिक प्रक्रिया पर भार कम हो और नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके। बैठक में जनसहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए लोक अदालत की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## नगर सैनिकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा के लिए पंजीयन 30 मई तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल व्यापम द्वारा नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों छात्रवास ड्यूटी तथा 500 नगर सैनिकों जनरल ड्यूटी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून 2025 दिन रविवार को राज्य के 4 जिले रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की जाएगी। कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए शारीरिक दक्षता में पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाईट में जाकर पंजीयन एवं ऑनलाईन आवेदन सबमिट करना अनिवार्य है, जिसकी अंतिम तिथि 30 मई 2025 सायं 5 बजे तक है।

## शालाओं में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक, पारदर्शिता से कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रकिया के संबंध में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि युक्तियुक्तकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार पूरी पारदर्शिता के साथ सावधानीपूर्वक संपन्न कराएं।



कलेक्टर ने सभी एसडीएम और बीईओ को निर्धारित प्रपत्र में अतिशेष शालाओं एवं शिक्षकों का चिन्हांकन कर उनकी पूरी जानकारी निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण आगामी 07 मई से 25 मई की बीच किया जाएगा तथा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही 15 मई से 10 जून के बीच की जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने अतिशेष स्कूलों और शिक्षकों के संबंध में शासन द्वारा जारी विस्तृत दिशा–निर्देशों की जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम केशकाल अंकित चौहान एवं फरसगांव अश्वन पुसाम, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा इमल बघेल तथा स्कूल शिक्षा विभाग के बीईओ, एबीईओ, बीआरसी आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा, समानता और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को उजागर करती है फिल्म

# 'फुले' फिल्म को शीघ्र रिलीज करने की मांग पर बाबा साहेब सेवा संस्था ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ऐतिहासिक फिल्म फुले को स्थानीय चलचित्र घरों में शीघ्र रिलीज़ किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संस्था ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि महात्मा ज्योतिराव फुले और माता सावित्रीबाई फुले के

- कोण्डागांव में फिल्म को लेकर लोगों में गहरी उत्सुकता



जीवन पर आधारित यह फिल्म एक ऐतिहासिक व प्रेरणादायक प्रस्तुति है, जो समाज सुधार, शिक्षा, समानता और महिला सशक्तिकरण जैसे अहम मुद्दों को उजागर करती है। संस्था के अनुसार, फिल्म की विषयवस्तु छत्तीसगढ़ के सामाजिक–सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में भी अत्यंत प्रासंगिक है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कोण्डागांव के नागरिकों में इस फिल्म को देखने को लेकर गहरी उत्सुकता है, परंतु आज तक यह फिल्म जिले के किसी भी सिनेमाघर में प्रदर्शित नहीं की गई है। संस्था ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि फिल्म को जिले में जल्द रिलीज़ किया जाए तथा इसे मनोरंजन कर से मुक्त किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग इसे देख सकें और समाज में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी एवं मुलनिवासी समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### भोपालपटनम में आंगनबाड़ी ....

प्रमुख हो जवाबदारी तुम्हारी है ,कह कर फोन पर मुझे बार-बार धमकी दिया गया। मार्च माह में भी तुम लोगों का अधिक राशि आया कहकर फोन कर राशि की मांग किया जाता है। कार्यकर्ता के द्वारा राशि नहीं दिए जाने के कारण 25 अप्रैल को सेक्टर बैठक गोल्लागुड़ा मांझीपारा से नरेंद्रा दुर्गम के साथ सेक्टर पर्यवेक्षिका के द्वारा अभद्रता पूर्वक व्यवहार किया गया। बैठक से उन्हें बाहर कर दिया गया।

### नगर निगम ने ....

दर 4 लाख 80 हजार रुपए रखी गई है। जोन क्रमांक 3 जिस स्थान में विज्ञापन होडिंर्ग लगाने की अनुमति दिया जाना है उसमे कांग्रेस भवन से अनुपमा चौक होते हुए धरमपूरा मार्ग पल्ली नाका तक एवं समुद्र चौक से धरमपूरा मार्ग मे 20 बाई 10 के 15 होडिंर्ग एवं सिरहासार चौक टाउन क्लब से मिताली चौक तक 20 बाय 10 के पांच होडिंर्ग एवं गोल बाजार चौक मे 20 बाय 10 के दो होडिंर्ग लगाने की अनुमति दिया जाएगा। निविदा हेतु सरकारी न्यूनतम दर 6 लाख 60 हजार रखी गई है।

प्रतिबंधित स्थलों में नहीं लगेंगे होर्डिंग : नगर में विज्ञापन होडिंर्ग इन जगहों पर प्रतिबंध रहेगा जिसमें समस्त डिवाईडर, विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर,पेड़, चांदनी चौक, एयरपोर्ट चौक, जिला ग्रंथालय लाइब्रेरी के पास एवं संजय मार्केट पार्किंग स्थल है।

### फुटकर व्यापारियों ...

उन्हें व्यापार करने से रोकते हुए स्थान खाली करने का मौखिक आदेश दिया गया है जिससे प्रभावित व्यवसाईयों के सामने जीवन यापन निर्वाह को लेकर समस्या खड़ी हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन होने के पश्चात आज तक नगर निगम द्वारा फुटकर व्यापारियों को स्थाई जगह का आवंटन नहीं किया गया है इसी वजह से इस तरह की समस्याएं सामने आ रही है और रोज काम कर जीवन चलाने वालों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कहा है कि कलेक्टर एवं निगम आयुक्त सहित संबंधित अधिकारी व प्रशासन संवेदन पूर्वक इस विषय पर विचार करें ताकि शांति के साथ समान रूप से जीवन निर्वाह सब का होता रहे और निदान भी हो जाए। इस दौरान बस्तर मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी एवं फुटकर व्यापारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप




### सुशासन त्यौहार शिविर 6 मई से होंगे शुरू

**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ ने बताया कि विकासखंड दुर्गूकोदल के अंतर्गत 44 ग्राम पंचायत के तहत कलक्टर ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्राम पंचायतों के ग्रामीण जनप्रतिनिधि क्षेत्रवार सुशासन शिविर में शामिल होंगे और अपनी समस्याओं को शिविर स्थल में अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। सुशासन त्यौहार 6 मई को हाटकोंदल, 8 मई बरहेली, 14 मई कोड़ेकुसी और 16 मई को कोदापाखा में शिविर आयोजित होंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कुल्हाड़ कट्टा मेन रोड के पास सड़क दुर्घटना में 1 मई को कोदागांव निवासी 25 वर्षीय चमन लाल का मौत हो गई। कोदागांव निवासी 55 वर्षीय दयालू राम ने पुलिस को बताया कि मृतक स्वयं मोटर सायकल को चलाते हुए चार पहिया वाहन से टकरा गया। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### भानुप्रतापपुर की छात्राओं ने 5वीं की परीक्षामें जिला स्तरीय टॉप 10 में बनाया स्थान

**कांकेर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में कक्षा 5 वीं के केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। विकासखण्ड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा पांचवी में 100 प्रतिशत तथा कक्षा आठवी में 96.67 प्रतिशत उत्तीर्ण के साथ सातों विकासखण्डों में प्रथम स्थान बनाया है। किासखण्ड में कक्षा पांचवी के लिए 1505 छात्रों का पंजीयन करवाया था। परीक्षा में 1470 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 1333, द्वितीय श्रेणी में 129 एवं तृतीय श्रेणी में 7 छात्रों ने स्थान बनाया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं के लिए 1596 छात्रों का पंजीयन करवाया था, जिसमें से 1534 छात्र परीक्षा में शामिल हुए।

प्लाई केंद्र में पानी की कालाबाजारी पर लगेगी रोक : पाण्डेय

# निर्धन कन्या विवाह, धार्मिक कार्य और शोक कार्यक्रम के लिए पानी मिलेगा नि:शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



महापौर संजय पाण्डे, महापौर परिषद के सदस्य व नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने शनिवार को पानी सप्लाई केंद्र का जायजा लिया। जहां वर्तमान व्यवस्था देख महापौर ने नाराजगी जाहिर की।

फिजूल बहते पानी को देखकर उन्होंने कहा की पानी टैंकर भरे जाने के बाद पानी व्यर्थ नहीं बहना

- पानी टैंकर सप्लाई में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए

चाहिए। वहीं दिन भर में जितने भी पानी टैंकर भरे जाते हैं उनका हिसाब किताब पूरे पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। आम लोगों के लिए पानी सप्लाई में पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा जो भी पानी टैंकर सप्लाई की जाती है,उसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। दरअसल लंबे समय से पानी सप्लाई केन्द्रो में कुछ अवस्थाएं थी, जिसकी जानकारी महापौर सहित पार्षदों को मिली थी।

अवकाश का दिन होने के बावजूद भी महापौर पांडे व निगम के महापौर परिषद के सदस्यों के साथ पानी सप्लाई सेंटर में आयुक्त के साथ निरीक्षण करने पहुंचे।महापौर पाण्डे ने कहा की सामान्य सभा में टैंकरों के दर तय किए गए हैं जो कि सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है । निर्माण कार्य हेतु उपयोग में लाए जाने वाले टैंकरों से प्रति टैंकर एक हज़ार रुपया की राशि काटी जानी है। निर्धन कन्या के विवाह व शोक कार्यक्रम के लिए पानी टैंकर निःशुल्क दिया जाएगा। साथ ही धार्मिक कार्यक्रम के लिए आयोजकों द्वारा पानी स्टोरेज की व्यवस्था किए जाने पर वहां पर भी पानी टैंकर निःशुल्क दी जाएगी। अनियमितता से बचने राशि जमा कर रशीद प्राप्त करने के बाद ही पानी टैंकर भेजा जाएगा।

महापौर के साथ नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, रितेश सिन्हा सहित नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पानी टैंकर का गलत उपयोग न हो

जल कार्य विभाग के सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा कि पानी का सदुपयोग हो और टैंकर का कहीं भी गलत उपयोग न हो पाए इसके लिए व्यवस्था दुरुस्त किया जाएगा। वहीं जिसकी ड्यूटी पानी सप्लाई केंद्र में रहेगी उसकी जिम्मेदारी होगी कि वह पानी की बर्बादी नहीं होने देगा। नियम का पालन नहीं करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

महापौर के साथ नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जल कार्य विभाग के सभापति सुरेश गुप्ता, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, रितेश सिन्हा सहित नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेगानार के परब मेला में हुए शामिल विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड /घाटलोहंगा

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने नेगानार परब मेला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। पारंपरिक लोकसंस्कृति, जनभागीदारी और बस्तर की समृद्ध विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिला।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के कार्यक्रम स्थल मंदिर प्रांगण आगमन पर उन्होंने श्रद्धापूर्वक माता गंगादई और परदेशीन माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया।

विधायक ने कहा कि बस्तर के आदिवासी समुदायों में संगीत और नृत्य जीवन का अहम हिस्सा हैं गौर नृत्य, पार नृत्य, ढोल नृत्य और कारमा नृत्य यहां के प्रसिद्ध लोकनृत्य हैं ढोल, मृदंग, बाँसुरी और मांडर है। विधायक ने युवाओं से अपनी परंपरा और संस्कृति को संरक्षित रखने का आग्रह करते हुए कहा कि सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है, जिसे नई पीढ़ी को समझना और आगे बढ़ाना चाहिए।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सरपंच, जनप्रतिनिधि सहित, माता बहनें, बच्चे एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम




स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भोपालपटनम में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आनकारी सुधाकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आनकारी सुधाकर ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खंड स्त्रोत समन्वयक भोपालपटनम यालम शंकर एवं बच्चों के अभिभावक गण उपस्थित थे। कक्षा पहली की छात्रा लिशा जंगम 99.06 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, श्रीनिधि दादी 98.09 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं सुभाषिनी 98.05 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल की है। जिन्हें एसएमडीसी अध्यक्ष आनकारी सुधाकर एवं बीआरसीयालम शंकर के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस प्रकार कक्षा द्वितीय में मनियम नाग एवं नक्ष तलांडी 97.52 प्रतिशत के साथ प्रथम, विवंकाश्री 97.25 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं काव्या भूआर्य 95.45 प्रतिशत के साथ तृतीय। कक्षा तीसरी के मोहित तामडी 96.71 प्रतिशत के साथ प्रथम, हिमांशु दुल्मा 91.71 प्रतिशत के द्वितीय एवं नेहा लम्बाड़ी 91.57 प्रतिशत के साथ तृतीय। कक्षा चौथी के हितार्थ पाटले 96 प्रतिशत के साथ प्रथम, कावेरी यालादी 94.57 प्रतिशत द्वितीय एवं मैथिली कोरम 94.14 प्रतिशत के साथ तृतीय। कक्षा पांचवीं के दक्ष गुरला 87.05 प्रतिशत के साथ प्रथम, दुष्यंत गुरला एवं कृष्णावेणी यालादी 83.05 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं वंशिक राटपेल्ली 83 प्रतिशत के साथ तृतीय।

कक्षा छठवीं की छात्रा कृपा ठाकुर 96.22 प्रतिशत के साथ प्रथम, अनुज कुडमूल 90.88 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं निवेदिता गुरला 89.62 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रही है। कक्षा सातवीं की छात्रा पूज्या साहू एवं सफिया नाज़ 98.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, गिलगिच्चा कोमल 95.77 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं श्रद्धा दोनतुलवार 93.85 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल की है। इस प्रकार कक्षा आठवीं की छात्रा हंसिका मिच्चा 91 प्रतिशत के साथ प्रथम, प्रथा पालेडुगुला 90.05 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं प्रतिज्ञा दुब्बा 89.05 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल की है। कक्षा नौवीं की छात्रा गिलगिच्चा प्रतिज्ञा 96.67 प्रतिशत के साथ प्रथम, साहित्य इमडी 96.50 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं निखिल कुमार बसवा 95.33 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही है। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा तेजस्वी एडला 96. प्रतिशत के साथ प्रथम, दिशारानी पीन्नापल्ली 94.04 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं सुमित कुमारा जंगम 93.08 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल की है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य एन.राजेश ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## डीएवी पॉलिटेक्निक में हुआ स्वागत व विदाई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में विद्यार्थियों का 13वां विदाई समारोह(2024) व 15वां स्वागत समारोह (2024-25) रखा गया था। कार्यक्रम का शुरुआत सुबह 10:30 बजे से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैतराम अटामी विधायक दंतेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि बोमड़ा राम कवासी अध्यक्ष सर्व समाज दंतेवाड़ा, अतिथि रजनीश ओसवाल पीटीआई एकलव्य खेल परिसर जावांगा थे।कार्यक्रम के शुभारंभ हेतु कॉलेज के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर एवं सम्माननीय अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर, मां सरस्वती एवं मां दंतेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया, उसके पश्चात उद्बोधन में प्राचार्य ने अपने संस्था की प्रमुख उपलब्धियां को रखते हुए अंतिम वर्ष के छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। नवप्रवेशित बच्चों को परिश्रम कर अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने 100% जॉब प्लेसमेंट की बात कही। आने वाले दिनों में कैंपस में बैठने एवम् कैंपस को ज्वाइन करने की विद्यार्थियों से अपील की। विधायक चैतराम अटामी ने उद्बोधन में व्यक्तित्व विकास को जोर देते हुए कॉलेज की प्रशंसा की। युवाओं को नौकरी दिलवाने में कॉलेज को जिला में अग्रणी संस्था बताया। जिला के विकास में तकनीकी शिक्षा पर जोर देते हुए पॉलिटेक्निक संस्था की शिक्षा व्यवस्था को सराहा। भविष्य में जिला में नए सरकारी इंजीनियरिंग महाविद्यालय लाने की बात इस मंच से की। बोमडाराम कवासी अध्यक्ष सर्व समाज दंतेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देऊरगांव

खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा, की उपस्थिति एवं आतिथ्य में संस्था के प्रधान अध्यापक अब्दुल मतीन कुरैशी के द्वारा परीक्षा परिणाम जारी किया गया।

कुसुमबती सेठिया, 86 प्रतिशत, रंजना सेठिया 83 प्रतिशत, लक्ष्मी कश्यप 81 प्रतिशत, मयंक सेठिया 81 प्रतिशत, ने कक्षा पांचवी बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रमिला कश्यप 80 प्रतिशत, सुनीता सेठिया 80 प्रतिशत, ललिता सेठिया 80 प्रतिशत, कृति निषाद 78.5 प्रतिशत, गौतम सेठिया 78.5 प्रतिशत, पवित्र सेठिया 77 प्रतिशत, कुणाल सेठिया 76 प्रतिशत, खेमेश्वरी कश्यप 76 प्रतिशत, किरण सेठिया 75 प्रतिशत,राधिका सेठिया 75 प्रतिशत, मनशीला निषाद 75 प्रतिशत ने कक्षा पांचवी बोर्ड परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला देऊरगांव विकासखंड-तोकापाल में 30 अप्रैल को परीक्षा फल घोषणा समारोह का भव्य आयोजन कर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

स्कूल के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहे। स्कूल के प्रधान अध्यापक अब्दुल मतीन कुरैशी के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति- पत्र, कलम, एवं प्रतीक- चिन्ह,भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर विशेष आतिथ्य अजय शर्मा खंड स्त्रोत समन्वयक विकासखंड तोकापाल, स्कूल के शिक्षक गण धर्मेंद्र कुमार कुमेटी, आशुतोष बाजपेई, शाला प्रबंधन समिति से फरसुराम सेठिया, संगीता बीसाई, अभिभावक गण, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह का समापन उत्साह, प्रेरणा, और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना से की गई।

# शास्त्रीय संगीत में दर्शकों को कर दिया भाव विभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के श्री सत्य साई सेवा समिति के तत्वाधान में श्रीईश्वराम्मा सप्ताह मनाया जा रहा है। ईश्वराम्मा सप्ताह के दूसरे दिन श्री सत्य साई बाल विकास केंद्र धरमपुरा एवं महात्मा गांधी अनाथ आश्रम के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें संस्कृति रायकवार एवं अभय शास्त्रीय संगीत पर बहुत ही सुंदर मध्य मुक्त एवं मां मोहित नित्य कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। निश्चय रायकवार द्वारा तबला पर बहुत ही सुंदर ताल का वादन कर आनंद मगन कर दिया एवं बच्चों द्वारा नित्य, नाटक प्रस्तुत किया गया। बाल विकास केंद्र के गुरु श्रीमती गीता विश्वास एवं निधि को जिला सेवा प्रभारी श्रीमती मिना मालगांवकर द्वारा सम्मानित किया गया। सभी बल विकास के बच्चों को गिरधारी लाल रायकवार द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

### विधायक को सौंपा ज्ञापन



**बचेली।** शाला समिति के अध्यक्ष पुष्पा यादव ने विधायक को स्कूल की समस्याओं से अवगत करवाते हुये ज्ञापन सौंपा। बचेली शासकीय कन्या उमावि बचेली के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एसएमडीसी के अध्यक्ष पुष्पा सिंह यादव ने गुरुवार को स्कूल से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु समिति के सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जिला मुख्यालय में विधायक निवास दंतेवाड़ा पहुंचकर विधायक चैतराम अटामी को ज्ञापन सौपे। विधायक एवं उनके साथ विधायक निवास में उपस्थित पूर्व पालिका उपाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण एवं समाधान करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौपने के दौरान जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अरुणा टंडन ,पूर्णिमा टेकाम, कुसुम सिंह राय उपस्थित थें।

## विधायक ने बारसूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा

वरिष्ठ भाजपा नेता व क्षेत्रीय विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी क्षेत्र भ्रमण के दौरान बारसूर पहुंचे । भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ ने विधायक चैतराम अटामी का आत्मीय स्वागत किया । विधायक चैतराम अटामी ग्रामीणजनों से रूबरू हुए । ग्रामीणों ने विधायक चैतराम अटामी को क्षेत्र की समस्याएं एवं विकास कार्यो के बारे में अवगत करवाया जिसे गंभिरता से लेते हुए विधायक चैतराम अटामी ने समस्याओं के जल्द निराकरण की बात कही एवं निर्माणाधीन विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने हेतु कहा। विधायक चैतराम अटामी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारसूर का निरीक्षण किया। बीएमओ, स्टाफ़ एवं मरीजों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक चैतराम अटामी ने बारसूर के नविन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्लॉक गीदम जिला दंतेवाड़ा निर्माण एजेंसी सीजीएम एस.सी लिमिटेड को जल्द से जल्द चालू करने हेतु निर्देशित किया ।

### खाद्य विभाग एवं भण्डारण निगम की समीक्षा बैठक

**दंतेवाड़ा।** कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में खाद्य विभाग एवं भण्डारण निगम की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के खाद्य आपूर्ति से जुड़े समस्त पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त उचित मूल्य की दुकानों, गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों की संख्या की जानकारी मांगी। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्रों की संख्या, अब तक की गई खरीदी एवं आगामी लक्ष्य की भी समीक्षा की। बैठक में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जिलेवार अनुमोदित हितग्राहियों की संख्या, राशन कार्डधारियों की वर्तमान स्थिति, शेष बचे पात्र हितग्राही परिवारों की जानकारी भी तलब की गई। कलेक्टर ने पात्र परिवारों को जल्द से जल्द राशन कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा.) गीदम, जिला - दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202505161800004/अ-2/2024-25
ग्राम - कारली, प.ह.नं. – 09,
तहसील - गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री हरि राम पिता आनंदी उम्र - 57 वर्ष निवासी ग्राम कारली, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नं. 7974974566 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने पैतृक हक से प्राप्त भूमि ग्राम - कारली प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. गीदम तहसील - गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 2630 रकबा 0.2700 हे. में से 0.024 हें. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 16/05/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/05/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम**

## शपथ पत्र

मैं विनोद नेताम पिता स्व.जागेश्वर लाल नेताम उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.। उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं -

1. यह कि मेरी पुत्री साधना नेताम ने सन 2024-25 में कक्षा 7वीं की परीक्षा केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर से उत्तीर्ण की है।
2. यह कि उक्त कक्षा 7वीं के अंकसूची /प्रमाण पत्र में त्रुटिवश माता का नाम जया JAYA NETAM लिखा गया है।
3. यह कि उक्त त्रुटि को सुधारकर जोगटे नेताम JOGTE NETAM लिखा जाना है।

उपरोक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

**//उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र./202504150600049/अ-6/2024-25
साकिन- बालीकोन्टा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण गणेश पिता स्व. दामू उम्र 43 वर्ष जाति भतरा निवासी नाकागुडा तह. बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग. व अन्य 04 के नाना स्व. महादेव पिता काडी जाति भतरा निवासी बालीकोन्टा के नाम पर ग्राम बालीकोन्टा प.ह.नं. 07 रा.नि. मं. जगदलपुर जिला बस्तर भूमि खसरा नंबर एवं रकबा क्रमशः 198/2(0.4200), 241/2(0.0400), 469/2(0.2300), 205/2(0.1300), 449/2(0.0600), 65/2(0.3350), 240/2(0.0600), 467/2(0.8200), 200/2(0.6200), 309/2(0.0350), 476/2(0.1700), 17/2(0.1200), 236/2(0.1400), 459/2(0.7500), 204/2(0.0600), 311/2(0.0400), 199/2(0.8000), 250/2(0.1300), 471/2(0.1700), 216/2(0.1300), 455/2(0.7600) राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण/अनावेदकगण के नाना की मृत्यु के पश्चात उनकी पांचों पुत्रियों बुदरी, आंधी, डुकरी, बोडकी एवं माहंगी के नाम दर्ज हुई। पांचों बहनों की मृत्यु होने से उनके उत्तराधिकारी / वारिसान आवेदक एवं अनावेदकगण राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करवाने हेतु आवेदन, भुईया के पोर्टल के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत 14-05-2025 तक दावा या आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार जगदलपुर**

## खबर संक्षेप

### प्रेमी जोड़े के शव की हुई शिनाख्ति

**नगरी।** नगरी विकासखंड के टांगापानी के जंगल में प्रेमी जोड़े का शव फंदे पर लटका मिला था। युवक की शिनाख्ति भेजरीरावन (सेमरा) निवासी परमेश्वर नेताम, वहीं युवती की पहचान लीलांच निवासी राजेश्वरी ओटी के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर नगरी में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में सिहावा थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि शव चार से पांच दिन पुराना है। आगे की कार्रवाई जारी है। खुदकुशी जैसे आत्मघाती कदम क्यों उठाया। इस बारे में अभी कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है।

- टांगापानी के जंगल में पेड़ पर लटका था दोनों का शव

### ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग

**धमतरी।** किसान नेता घनाराम साहू ने कहा कि धमतरी जिले के अधिकांश क्षेत्र में लगातार बारिश, आंधी तूफान एवं ओलावृष्टि होने के कारण किसानों की फसल काफी नुकसान हो चुकी है। धान पककर तैयार हो चुका है लेकिन लगातार बारिश ओलावृष्टि के कारण बालियां झड़ गई हैं। किसान काफी लागत लगा चुके हैं और अब जब काटने लायक की स्थिति में है तो प्राकृतिक विनाश जारी है। किसानों ने भिंडी, बरबटी, लौकी, कुम्हड़ा, भटा, टमाटर की फसल लगाई है। इस आफत बारिश के कारण फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने विष्णुदेव साय सरकार से सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।



### प्रधानमंत्री आवास सर्वे कार्य 15 दिन और बढ़ा

**मगरलोड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रत्येक परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनहित में की गई मांग पर केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास सर्वे कार्य 15 मई तक और बढ़ा दिया है। पहले प्रधानमंत्री आवास सर्वे की अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी। सर्वे कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा था। फिर भी कुछ तकनीकी समस्या होने के कारण कुछ हितग्राहियों का पूर्ण वर्णन ऑनलाइन अपलोड नहीं हो पा रहा था। प्रधानमंत्री आवास शाखा जनपद पंचायत मगरलोड से प्राप्त जानकारी के अनुसार 66 ग्राम पंचायत अंतर्गत 15000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। 15 मई तक समय बढ़ने से लगभग 1000 और हितग्राही लाभान्वित हो सकते हैं।

### सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण 12 से

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला में 12 मई से सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। भूतपूर्व सैनिक उत्तम प्रकाश साहू, कृष्णा निषाद शारीरिक शिक्षक, दुलेन्द्र साहू, राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच वीणा साहू, पूर्व सरपंच खुशबू यादव ने आसपास के युवाओं से निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की है।

---

कम समय में सफाई ज्यादा हो रही है, उपेक्षित नालों की सफाई में सहायक : रामू रोहरा

# चेन माउंटेन से शुरू हुई बड़े नालों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बड़े नालों की सफाई अच्छे से हो सके इसके लिए निगम प्रशासन ने चेन माउंटेन मशीन की खरीदी की है। इसके माध्यम से बड़े नालों, नालियों के सफाई कार्य की शुरूआत शनिवार से हो गई। बारिश में जलभराव की समस्या और गंदगी से निजात दिलाने में दिलाने में चेन माउंटेन काफी सहायक सिद्ध हो रहा है। कम समय में लंबी दूरी तय करके नालों में फंसे लकड़ी के टुकड़े, कांच, सीमेंट, ईंट के अवशेष, झिल्ली, प्लास्टिक गाद जलकुंभी को मिनटों में साफ कर बाहर निकाल रहा है। मार्च अप्रैल में सफाई की शुरूआत करने का मुख्य उद्देश्य बारिश के नालों की धारा को बरकरार रखना है।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि अब शहर के बड़े नालों, नालियों की सफाई चेन माउंटेन से होगी। सफाई का मुख्य उद्देश्य बारिश में जलभराव को रोकना है। चेन माउंटेन से नालों की गहराई तक सफाई हो रही है। नालों में जमी गंदगी को चंद मिनटों में बाहर निकाला जा रहा है। शहरवासियों की मांग पर कम समय में उपेक्षित नालों की सफाई हो रही है। पहले दिन सोरिद नाला की सफाई की गई जो वर्षों से उपेक्षित था। नाला के साफ होने से काफी हद तक शहर के जलभराव को रोका जा सकता है। सोरिद नाला में जाम कचरे की वजह से कई वार्ड में जलभराव की समस्या होती है। अब निगम प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि चेन माउंटेन मशीन की सहायता से पहले दिन सोरिद नाला की सफाई की गई, जहां कई टन कचरा बाहर निकाला गया। शहर के नालों और नालियों की सफाई को निगम ने मिशन मोड में ले लिया है। कोशिश रहेगी कि बारिश पूर्व सभी नालों की सफाई अच्छे से हो, ताकि आम नागरिकों को कोई असुविधा न हो। सफाई कार्य का प्रतिदिन अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है।

सभापति कौशिल्या देवांगन, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश लुनिया ने बताया कि साफ- सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निगम का उद्देश्य लोगों को सफाई के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण मिल सके। लोगों की मांग के अनुरूप चिन्हांकित स्थानों की सफाई की जा रही है। शहर को जलभराव, गंदगी, मच्छर, मक्खियों से निजात मिलेगी।



## गट्टासिल्ली क्षेत्र में चली तेज आंधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

गट्टासिल्ली क्षेत्र में लगातार पिछले चार-पांच दिनों से अंधड़ बारिश की वजह से क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को शाम 5 बजे तेज हवा और वर्षा की वजह से ग्राम सारंगपुरी के भेवेन्द्र साहू के आम बुरी तरह से झड़ गए, जिससे उसे नुकसान पहुंचा है। गट्टासिल्ली क्षेत्र में इन दिनों शाम होते ही तेज हवा चलने लगती है और गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है। साथ ही ओलावृष्टि भी हो रही है। वहीं बारिश से किसानों को भी नुकसान पहुंच रहा है। गट्टासिल्ली से करैहा मार्ग पर विशाल धौरा का पेड़ गिर गया हैं जिसकी वजह से वाहनों की आवाजाही रुक गई।

## भगवान परशुराम व आद्य शंकराचार्य का जन्मोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- पहलगाम के मृतत्माओं को दी गई श्रद्धाजंलि

आद्य शंकराचार्य एवं भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सेवा प्रकल्प कार्यक्रम के तहत शताब्दी उद्यान में विभिन्न समाज के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पौधरोपण किया गया। यह कार्यक्रम मार्निंग ग्रुप रमसगरी गार्डन योगा ग्रुप के तत्वावधान में हुआ। भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि पहलगाम की बर्बर आंतकी घटना ने भारत की आत्मा पर सीधा हमला किया है। देश की 140 करोड़ जनता चाहती है कि अब पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी हो गया है।

इसी कड़ी में पहलगाम में 27 मृतात्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद पिन्टू यादव और आभार प्रदर्शन हेमंत बंजारे ने किया। इस अवसर पर राजू गुप्ता, लखन सिन्हा, शत्रुघन सोम, हरिशंकर पाठक, पवनगिरी गोस्वामी, लक्ष्मण जिज्ञासी, महेश सामनानी, प्रकाश पटेल, सत्येन्द्र ठाकुर, संदीप गायकवाड़, अशोक साहू, लक्ष्मण रजक, विजय सिंह ठाकुर, प्रदीप गुप्ता, रोहित सोनी, राजेश यादव, विक्रांत पवार, मुकेश पटेल, अय्यूब खान, राजा फुटान, पप्पू सोनी, वेदप्रकाश देवांगन, शिव कुमार जैस, खियल दास वाधवानी, गन्नू, भूपेन्द्र साहू, सत्तू सोनी, राकेश सोनी, अशोक साहू उपस्थित थे।

## प्राचार्य मंच ने अपनी मांगों को लेकर डीईओ, डीएमसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



प्राचार्य मंच जिला धमतरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष टीआर नागवंशी एवं जिला सचिव गेवाराम नेताम के नेतृत्व में डीईओ एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा धमतरी के नाम अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उनके प्रतिनिधि के रूप में एडीपीओ डीके सूर्यवंशी एवं समग्र शिक्षा कार्यालय में डीएमसी भुवनेश जैन से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। प्रमुख मांगों में समग्र शिक्षा अंतर्गत संकुल हेतु विभिन्न मदों में प्राप्त अनुदान राशि के समुचित उपयोग के लिए संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्यों को स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया जाए।

संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य के अधिकार एवं कर्तव्य संबंधित एक बैठक विभागीय अधिकारियों के साथ अति शीघ्र की जाए। ग्रीष्मकालीन समर कैंप पूर्णतया स्वैच्छिक है अतः विभाग की ओर से दबाव डालकर संचालित न किया जाए।

आगामी शैक्षणिक सत्र में विभागीय प्रशिक्षण, विभागीय बैठक एवं अन्य गतिविधियों तथा कार्यक्रम अत्यधिक रूप में ना किया जावे। इसी प्रकार आगामी शैक्षणिक सत्र में बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में केंद्राध्यक्ष के रूप में अनिवार्य रूप से पूर्णकालिक प्राचार्य के साथ प्रभारी प्राचार्य गण एवं वरिष्ठ व्याख्याता गण का ही ड्यूटी लगाई जावे।

विनोबा एप के संचालन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के बारे में भी चर्चा की गई। मांगों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों द्वारा सकारात्मक जवाब दिया गया है। इस अवसर पर संजय चंद्राकर, राहुल नेताम, देवेंद्र भारद्वाज, नवीन साहू, कांति भारद्वाज सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## महिला सेवा संस्थान ने श्रमिकों को पानी बोतल भेंट की



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान द्वारा भवन निर्माण श्रमिकों और ऑटो रिक्शा चालकों को पानी बोतल और पटका देकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मोहनी साहू, उपाध्यक्ष शमीना अंजुम, कोषाध्यक्ष भारती साहू, जिला अध्यक्ष कनक शाह, वार्ड अध्यक्ष भारती सोनी, दयावती ढीमर का सहयोग रहा। क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष निखिलेश दीवान, खोरबहरा ध्रुव, श्रमिक मनोज मंडावी, तेजराम साहू, रामेश्वरी साहू, नरेंद्र ध्रुव भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मोहनी साहू ने कहा कि मजदूर हमारे देश की नींव है जो हर परिस्थितियों को सहकर चाहे गर्मी, बरसात या ठंड हो निर्माण कार्य में हमेशा अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाते हैं। हमें उनका हमेशा सम्मान करना चाहिए।

### डांडेसरा में मजदूर दिवस मनाया गया

डांडेसरा(धमतरी)। ग्राम डांडेसरा में मजदूर दिवस मनाया गया। मजदूर दिवस यानी लेबर डे दुनिया भर के मजदूरों और कामगारों के अधिकारों और योगदान को याद करने का दिन है। इसकी शुरूआत लेबर यूनियन मूवमेंट से हुई थी, जिसका मकसद 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम और 8 घंटे मनोरंजन था।

## दोपहर को छाए बादल, शाम को तेज आंधी के साथ हुई बारिश





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- चारगांव मेन रोड पर कई जगहो पेड़ गिरे
- चारगांव में तीन दिन से बिजली बंद

नगरी अंचल में बीते एक सप्ताह से मौसम बदला हुआ है। शनिवार को नगरी में शाम तेज आंधी व तूफान आया। उसके बाद नगर में हल्की-हल्की बारिश हुई। आंधी तूफान से चारगांव खरका मेन रोड में कई पेड़ गिर गए। बारिश से लोगों को परेशानी सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है।

तेज आंधी तूफान के चलते नगरी ब्लाक के कई क्षेत्रों में बिजली के तार टूट गए हैं। बिजली खंभे टूट गए हैं। कमार बसाहट के मेन रोड जाने वाले रास्ते में बिजली पोल टूटकर पड़ा हुआ है। तार को हटाने वाला कोई नहीं है। कभी भी घटना हो सकती है। चारगांव के पूर्व सरपंच रमेश धनुषधारी ने बताया कि 2 दिन से लाइन बंद हैं।

विभाग द्वारा नहीं बनाया जा रहा है। कमार जनजाति के लोग अंधेरे में रहने विवश हैं। शनिवार को दोपहर 3 बजे के बाद से आसमान में बादल छा गए। इसके बाद तेज आंधी तूफान चला। शाम 6 बजे के बाद कई स्थानों में रुक-रुककर वर्षा हुई। पानी गिरने से मौसम सुहावना हो गया है। बारिश से किसान चिंतित हैं। खेत में फसल पककर तैयार है। ऐसे में तेज वर्षा से किसानों को फसल नुकसान हो रहा है। एक-दो दिन के भीतर कटाई करानी है।

विभाग के अधिकारी ने बताया कि तार मेन रोड पर पड़ा है। इसकी जानकारी नहीं है। कर्मचारियों को भेजकर ठीक करवाते हैं। आंधी तूफान से आए दिन बिजली पोल टूट रहा है। कर्मचारियों की कमी के कारण सुधार कार्य में विलंब हो रहा है।

## भविष्य में पानी की बड़ी समस्या से बचने आज से ही उपाय करने होंगे : ज्योति

- नपं अध्यक्ष समेत वार्ड पार्षदों ने लोगों से पानी बचाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



जल सेवा का अर्थ है मानवों को पानी उपलब्ध कराना। पानी जीवन के लिए आवश्यक है। इस जिम्मेदारी को नगरीय निकाय भखारा भठेली के जनप्रतिनिधि संजीदगी से निभा रहे हैं। लोगों से पानी बचाने अपील के साथ ही हमर नगर हमर जिम्मेदारी इस टैगलाइन को याद दिलाकर विभिन्न वार्डों को पानी हेतु टंकी, मोटर लगाकर नागरिकों को अधिकार के साथ ही कर्तव्य को याद दिलाया जा रहा है। नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, वार्ड पार्षद अंजु साहू, परदेशी कंवर ने लोगों से पानी बचाने की अपील की है।

सभी ने एक स्वर में कहा कि भविष्य में बड़ी समस्या से बचने आज से ही उपाय करने होंगे। जल की हर बूंद को बचाना होगा। इसके लिए अच्छी नीयत से सबको पहल करनी होगी। वाटर हार्वेस्टिंग, पौधरोपण, तालाबों का संरक्षण इस दिशा में समुचित महत्वपूर्ण प्रयास है।

भखारा और भठेली प्रारंभ से ही ड्राई जोन रहा है। कुओं और तालाबों की भी गिनती पहले से कम और विस्तार संकुचित हो गई है जिसके कई कारण है। भविष्य की प्लानिंग करते हुए पानी की उपलब्धता बनाए और बचाए रखने इन तकनीकों का उपयोग आवश्यक और अनिवार्य हो गया है। नगर पंचायत भवनों, शासकीय भवनों के साथ ही नागरिकों में इस हेतु जनजागरण चलाया जाएगा। जिसने वाटर हार्वेस्टिंग नहीं किया है स्वयंमेव बनाकर अपना जल भविष्य उज्ज्वल करे। इससे पानी की तकलीफों से मुक्ति मिले।

मौके पर हरख जैन सहित उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, कुंदन साहू, सेवक साहू, भान बाई, द्रोपदी साहू, ईश्वरी साहू, टोमिन साहू, लक्ष्मी राजू साहू, देवकी साहू, अनुराग सागर उपस्थित थे। पूर्व पार्षद ओंकार राव मराठा ने इस भागीरथ प्रयास की सराहना की।

### वंदेमातरम इंग्लिश मीडियम स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** वंदेमातरम इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। कक्षा नर्सरी में गौरव साहू एवं प्रियांशी सारसर प्रथम, सुहानी साहू द्वितीय, रोशनी साहू तृतीय, कक्षा केजी-1 में जेशिका यादव प्रथम, दृशा रिगरी द्वितीय, उमंग सोनकर तृतीय, कक्षा केजी-2 में जान्हवी साहू प्रथम, मोक्षता देवांगन द्वितीय, अनय देवांगन तृतीय, कक्षा-1 में लीना साहू प्रथम, आयुषी सोनी द्वितीय, निधि सोनकर तृतीय, कक्षा-2 में सौभाग्या बंग प्रथम, धातृ साहू द्वितीय, विराट निर्मलकर तृतीय, कक्षा-3 में चांदनी सोनकर प्रथम, समृद्धि सोनी द्वितीय, दिव्यांश ध्रुव तृतीय, कक्षा-4 हिमांशी पांडे प्रथम, गरिमा ओटी द्वितीय, आध्या सान्डेल तृतीय, कक्षा-6 में पारुल देवांगन प्रथम, खुशी देवांगन द्वितीय, शैलेश कुमार साहू तृतीय, कक्षा-7 मितेश साहू में प्रथम, चंद्रप्रकाश शर्मा द्वितीय, तन्वी पांडे तृतीय स्थान पर रही।

## जहर सेवन से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा निवासी फनेश्वर साहू पिता पुनीतराम उम्र 28 वर्ष खेती किसानी का काम करता था।

शनिवार की सुबह 4 बजे घर से निकलकर नहर पार की तरफ चला गया। आधे घंटे के बाद वापस घर आकर अपने बिस्तर पर सो गया। फनेश्वर के आने के बाद उसका बड़ा भाई टीकाराम साहू भी नहर की तरफ गया। वापस लौटने पर उसने कमरे में फनेश्वर को जमीन पर बेहोश पाया। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे में जहरीली दुर्गंध फैली हुई थी। युवक को परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बताया गया कि युवक ने नहर तरफ जहर का सेवन कर घर आया था। फिलहाल युवक द्वारा जहर सेवन का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

अंबेडकर चौक में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी

## जातिगत जनगणना से देश के पिछड़े वर्ग को मिलेगा अधिकार

- केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना करवाने के फैसले को युकां ने राहुल गांधी की जीत बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना करवाने के फैसले पर युवा कांग्रेस इसे नेता विपक्ष राहुल गांधी के मुद्दे की जीत बताते हुए अंबेडकर चौक में एकत्रित हुए और अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आतिशबाजी की एवं लोगों को मिठाई बांटी। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि यि लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस मुद्दे पर सामाजिक न्याय व समानता की दिशा में उठाए गए मजबूत और सतत प्रयास के साथ सड़क से लेकर संसद तक उठाई गई आवाज का परिणाम है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश के वंचित, पिछड़े और शोषित वर्ग के लिए न केवल उनकी वास्तविक सामाजिक स्थिति को जानने का माध्यम बनेगी, बल्कि उन्हें उनके अधिकार दिलाने और विकास की मुख्यधारा में भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी ने कहा कि आज देश में मजबूत विपक्ष का परिणाम है कि केन्द्र की सरकार को देश की जनता की आवाज के सामने झुककर उनके हित में निर्णय लेना पड़ रहा है।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष आकाश गोलछा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, प्रदेश कांग्रेस कृष्णा मरकाम, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, जिला कांग्रेस सचिव विक्रांत पवार, पार्षद विशु देवांगन, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, कुलेश्वर देवांगन, आशुतोष खरे, तोगू गुरुपंच, देवेन्द्र देवांगन, गणेश्वरी कामड़े, कुशल देवांगन, अविनाश मारोठे, धर्मेंद्र पटेल, रुद्रा साहू सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

